# COVID-19 और सवेतन अस्वस्थता अवकाश

वे कर्मचारी जिन्हें COVID-19 हुआ है या जो COVID-19 संक्रमित किसी व्यक्ति के संपर्क में थे, उन्हें आव्रजन स्थिति की परवाह किए बिना अस्वस्थता अवकाश (स्वल्पावकाश) प्राप्त हो सकता है। राज्य और स्थानीय कानून कर्मचारियों को खुद की या परिवार के किसी सदस्य की देखभाल करने के लिए स्वल्पावकाश लेने की अनुमति देते हैं। उदाहरण के लिए, कर्मचारी क्वारन्टाईन* होने के लिए या आइसोलेट होने के लिए या उनके बच्चे का स्कूल या बाल देखभाल केंद्र बंद होने की स्थिति में स्वल्पावकाश ले सकते हैं। नियोक्ता अस्वस्थता अवकाश का उपयोग करने या मांगने के लिए कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार या उन्हें दंडित नहीं कर सकते हैं। इस शीट में सभी कानूनों का संक्षिप्त विवरण है।

ध्यान दें: हालांकि एक संघीय कानून 31 दिसंबर, 2020 को समाप्त हो गया, कर्मचारी 2020 में इस्तेमाल किये गए अस्वस्थता अवकाश के लिए संघीय लाभों का दावा कर सकते हैं।

*क्वारन्टाईन का मतलब है COVID-19 को फैलने से रोकने के लिए 10 दिनों तक सभी से दूर रहना।

**राज्य**

## New York राज्य आपातकालीन COVID-19 सवेतन अस्वस्थता अवकाश कानून

| किसे कवर किया जाता है | क्या कवर किया जाता है | कवर किया गया समय |
|---|---|---|
| **सभी निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के कर्मचारियों को क्वारन्टाईन होने का आदेश।** क्वारन्टाईन का आदेश प्राप्त करने के लिए कर्मचारियों को 855-491-2667 पर कॉल करना होगा।<br><br>परिवार प्रथम कोरोनावायरस प्रतिक्रिया अधिनियम (Families First Coronavirus Response Act, FFCRA) (संघीय अनुभाग देखें) के तहत संघीय लाभों के लिए अर्हता प्राप्त करने वाले कर्मचारियों को पहले उनका उपयोग करना चाहिए और वे राज्य के लाभों का केवल तभी उपयोग कर सकते हैं यदि राज्य का कानून FFCRA से अधिक लाभ प्रदान करता है।<br><br>यदि कर्मचारी व्यक्तिगत यात्रा के लिए New York राज्य की यात्रा सलाहकार सूचि में दिए गए किसी स्थान को भेंट देते हैं तो उन्हें *कवर नहीं किया* जाता है। | **जिन कर्मचारियों को क्वारन्टाईन होने का आदेश दिया जाता है उनके लिए सवेतन अस्वस्थता अवकाश** को कवर किया जाता है।<br>उदाहरण के लिए, उनमें:<br>▪ COVID-19 के लक्षण हैं; या<br>▪ वे COVID-19 संक्रमित किसी व्यक्ति के निकट संपर्क में रहे हैं। | नियोक्ता के आकार और/या आय के आधार पर, कर्मचारी नियोक्ता द्वारा *5 से 14 दिन के बीच* ***भुगतान*** प्राप्त कर सकते हैं।<br><br>ध्यान दें: नियोक्ता द्वारा ***भुगतान न किए गए*** *क्वारन्टाईन के दिनों* के लिए कर्मचारी सवेतन परिवार अवकाश या विकलांगता लाभ का भी उपयोग कर सकते हैं।<br><br>राज्य कानून के तहत सवेतन अस्वस्थता अवकाश शहर के कानून के तहत अर्जित अस्वस्थता अवकाश के **अतिरिक्त** होता है। |

? New York राज्य श्रम विभाग (New York State Department of Labor) से संपर्क करें: **844-337-6303 पर** | कॉल करें **paidfamilyleave.ny.gov/covid19**

## New York ने COVID-19 टीकाकरण के लिए सशुल्क छुट्टी *यह कानून 3/12/2021 से 12/31/2022 तक प्रभावी है।*

| किसे कवर किया जाता है | क्या कवर किया जाता है | कवर किया गया समय |
|---|---|---|
| **नियोक्ता आकार की परवाह किए बिना New York**, में सभी निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के कर्मचारी। | **सवेतन अस्वस्थता** अवकाश को उन कर्मचारियों के लिए कवर किया जाता है:<br>▪ एक COVID-19 वैक्सीन इंजेक्शन अगर ऐसा है तो वैक्सीन की आवश्यकता है; या<br>▪ दो COVID-19 वैक्सीन इंजेक्शन यही वैक्सीन की आवश्यकता है। | श्रमिकों को प्रति टीका इंजेक्शन के लिए 4 घंटे तक, कुल 8 घंटे तक मिलता है।<br><br>ध्यान दें: COVID-19 टीकाकरण के लिए सशुल्क अवकाश राज्य या शहर सशुल्क बीमारी अवकाश कानूनों के तहत अर्जित अवकाश **के अतिरिक्त** है। COVID-19 वैक्सीन के दुष्प्रभावों से उबरने के लिए श्रमिक अर्जित अवकाश का उपयोग कर सकते हैं। |

? New York राज्य के श्रम विभाग से संपर्क करें: **888-469-7365** पर कॉल करें | **dol.ny.gov** पर जाएं और "paid leave for COVID vaccine" ("COVID वैक्सीन के लिए सशुल्क छुट्टी") खोजें

स्थानीय और संघीय कानून >>

स्थानीय

## New York शहर सवेतन सुरक्षित और अस्वस्थता अवकाश कानून

| किसे कवर किया जाता है | क्या कवर किया जाता है | कवर किया गया समय |
|---|---|---|
| सभी **घरेलू कर्मचारी** (परिवारों में) और **New York शहर में स्थित किसी भी आकार के व्यवसाय या गैर-लाभकारी संस्थाओं के कर्मचारी** (पूर्णकालिक, अंशकालिक और अस्थायी कर्मचारियों सहित)। | **अस्वस्थता अवकाश** उन सभी कर्मचारियों के लिए कवर किया गया है जो:<br>▪ बीमारी हैं;<br>▪ जिन्हें प्रतिबंधक देखभाल की आवश्यकता है;<br>▪ जिन्हें क्वारन्टाईन होना है;<br>▪ जो किसी बीमारी, चोट या स्वास्थ्य स्थिति का निदान या उपचार चाहते हैं; या<br>▪ जिन्हें उपरोक्त कारणों से परिवार के किसी सदस्य की देखभाल करनी होती है।<br><br>यदि नियोक्ता के पास 5 या उससे अधिक कर्मचारी हैं तो सभी घरेलू कर्मचारियों और गैर-घरेलू कर्मचारियों के लिए अस्वस्थता अवकाश का **भुगतान** किया जाता है।<br><br>यदि नियोक्ता के पास 5 से कम कर्मचारी हैं और उसकी शुद्ध आय $1 मिलियन से कम है तो गैर-घरेलू कर्मचारियों के लिए अस्वस्थता अवकाश **अवैतनिक** है। | नियोक्ता के आकार पर निर्भर करता है:<br>▪ **(100+ कर्मचारी)** कर्मचारी प्रत्येक वर्ष *56 घंटे तक* का अस्वस्थता अवकाश अर्जित कर सकते हैं।<br>▪ **(1-99 कर्मचारी)** कर्मचारी प्रत्येक वर्ष *40 घंटे तक* का अस्वस्थता अवकाश अर्जित कर सकते हैं।<br><br>ध्यान दें: सभी कर्मचारी हर 30 घंटे काम करने के बाद 1 घंटे का अस्वस्थता अवकाश प्राप्त करते हैं। |

? एनवाईसी उपभोक्ता और श्रमिक संरक्षण विभाग (NYC Department of Consumer and Worker Protection) से संपर्क करें:

**311** पर कॉल करें और बोलें "Paid Safe and Sick Leave" (सवेतन सुरक्षित और अस्वस्थताअवकाश) | **nyc.gov/workers** पर जाएं | **OLPS@dca.nyc.gov** पर ईमेल भेजें।
*केवल नियोक्ता ऑनलाइन चैट कर सकते हैं* **nyc.gov/BusinessToolbox**।

संघीय

## परिवार प्रथम कोरोनावायरस प्रतिक्रिया अधिनियम (FFCRA) COVID-19 सवेतन अस्वस्थता अवकाश

***संघीय कानून** 4/2/2020 से 12/31/2020 तक प्रभावी था। कर्मचारी इस अवधि के दौरान इस्तेमाल किये गए अस्वस्थता अवकाश के लिए संघीय लाभों का दावा कर सकते हैं।*

| किसे कवर किया जाता है | क्या कवर किया जाता है | कवर किया गया समय |
|---|---|---|
| निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के कर्मचारी यदि **नियोक्ता के पास 500 या उससे कम कर्मचारी हैं** (पूर्णकालिक और अंशकालिक कर्मचारियों सहित)।<br><br>कर्मचारियों को *कवर नहीं किया जा सकता है* यदि:<br>▪ वे एक स्वास्थ्य कार्यकर्ता या पहले उत्तरदाता हैं; या<br>▪ उनके नियोक्ता के पास 50 या उससे कम कर्मचारी हैं और वे वित्तीय कठिनाई का सामना कर रहे हैं। | **सवेतन अस्वस्थता अवकाश** को उन कर्मचारियों के लिए कवर किया जाता है:<br>▪ जिन्हें क्वारन्टाईन करने का आदेश दिया गया था या वे परिवार के किसी सदस्य की देखभाल कर रहे थे जिन्हें क्वारन्टाईन करने का आदेश दिया गया था;<br>▪ जो उनके डॉक्टर की सलाह के कारण क्वारन्टाईन कर रहे हैं;<br>▪ जो COVID-19 के लक्षणों का अनुभव कर रहे हैं और निदान तलाश रहे हैं;<br>▪ जिनका COVID-19 से संबंधित स्वास्थ्य स्थिति का निदान हुआ था; या<br>▪ वे जिनके बच्चे हैं और उनके देखभाल केंद्र या स्कूल COVID-19 की वजह से बंद है। | कार्य की स्थिति पर निर्भर करता है:<br>▪ **पूर्णकालिक कर्मचारी** *80 कार्य घंटों तक* का उपयोग कर सकते हैं।<br>▪ **अंशकालिक कर्मचारी** दो सप्ताह की अवधि में जितने घंटे काम करते हैं उनके औसतन घंटों का उपयोग कर सकते हैं।<br><br>ध्यान दें: परिवार और चिकित्सा अवकाश अधिनियम (Family and Medical Leave Act, FMLA) के तहत कर्मचारी विस्तारित भुगतान या अवैतनिक अवकाश के लिए पात्र हो सकते हैं। |

? यू.एस. श्रम विभाग (U.S. Department of Labor) से संपर्क करें: **866-487-9243** पर कॉल करें | भेंट दें **dol.gov/agencies/whd/pandemic**

NYC Consumer and Worker Protection | Test & Trace Corps

NYC Test & Trace Corps सुनिश्चित करता है कि कोई भी COVID-19 पॉजिटिव्ह व्यक्ति और उसके करीबी संपर्क में आये लोगों के पास मुफ्त होटल में या घर पर सुरक्षित रूप से अलग रहने के संसाधन हैं। सुरक्षित रूप से अलग होने के बारे में अधिक जानने के लिए, **1-212-COVID19** (212-268-4319) पर कॉल करें।